**11.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 – 70 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'आधुनिक भारत के नए शरणार्थी' किन्हें कहा गया है ? विकास की दौड़ में वे शरणार्थी कैसे बन गए ? 'जहाँ कोई वापसी नहीं' के आधार पर समझाइए ।

(ख) जब नेहरू सीढ़ियों से उतर रहे थे तब लेखक ने कौन-सी बचकानी हरकत की ? आप नेहरू की जगह होते तो क्या करते ?

(ग) बोधिसत्व की मूर्ति व्यास जी ने कैसे प्राप्त की ? 'कच्चा चिट्ठा' के आधार पर उसका महत्त्व स्पष्ट करते हुए बताइए कि फ्रांसीसी डीलर की नज़र उस पर क्यों थी ।

**12.** विद्यापति **अथवा** केदारनाथ सिंह का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *5*

**अथवा**

हज़ारी प्रसाद द्विवेदी **अथवा** फणीश्वरनाथ 'रेणु' का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी भाषागत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *5*

**13.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 – 100 शब्दों में लिखिए : *4×3=12*

(क) "आधुनिक समाज अपने नदियों, तालाबों की उपेक्षा कर अपने लिए संकट मोल ले चुका है ।" कथन की सत्यता पर 'अपना मालवा' के संदर्भ में टिप्पणी कीजिए ।

(ख) 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ में विकलांगों एवं स्त्रियों के साथ किया गया व्यवहार हमारे समाज के क्रूर यथार्थ का कठोर रूप कैसे है ? विचार कीजिए ।

(ग) 'वे हिम के पिघलने का इंतजार कर रहे थे और रूप और शेखर उनके अंदर के हिम के' – कथन के आलोक में स्पष्ट कीजिए कि व्यक्ति का बाहरी संघर्ष भीतरी तौर पर उसे कठोर और सख़्त बना देता है ।

(घ) बरसों बाद घर लौट रहे रूपसिंह की मनोदशा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए और लिखिए कि अगर आप उसकी जगह होते तो किन भावनाओं से भरे हुए होते ।

(ङ) बिसनाथ का अपनी माँ को याद करना वात्सल्य की सहज प्राकृतिक भावधारा में डुबा ले जाता है – 'बिस्कोहर की माटी' के आधार पर सोदाहरण पुष्टि कीजिए ।